भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.01.2025

रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एवं रॉलिंग स्टॉक) बृज मोहन अग्रवाल का आरेडिका में दौरा

रेलवे बोर्ड के सदस्य (ट्रैक्शन एवं रॉलिंग स्टॉक) एवं पदेन सचिव भारत सरकार बृज मोहन अग्रवाल ने दिनांक–18.01.2025 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। श्री अग्रवाल ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उत्पादन एवं गुणवत्ता संबंधी कई मुददों पर चर्चा हुई।

ज्ञात हो कि श्री अग्रवाल वर्ष–2022 में आरेडिका के महाप्रबंधक भी रह चुके हैं। इनके कार्य काल में आरेडिका में बहुत सारे सुधार किए गये।

सदस्य (ट्रैक्शन एवं रॉलिंग स्टॉक) ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान तैयार हो रहे दीन–दयालु, एसी3, चेयरकार, एवं लगेज रैक के निर्माण में होने वाली वेल्डिंग की गुणवत्ता के सुधार हेतु कुछ आवश्यक सुझाव दिए।

श्री अग्रवाल ने अपने दौरे के दौरान सामान्य यात्रियों के सफर के लिए बनने वाले स्लीपर एवं दीन दयालू कोचों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। आने वाले समय में प्रत्येक ट्रेन में जनरल एवं स्लीपर क्लास के कोचों की संख्या बढाई जा रही है जिससे यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को बढाने के लिए एवं प्लाण्ट की अवसंरचना के विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया एवं फोर्ज्ड व्हीलों के ऑटोमेटिक रखखाव के लिए जरूरी कदम उठाए जाने का सुझाव दिया तथा व्हीलों के उत्पादन को बढाकर 80 हजार तक करने के लिए निर्देशित किया। आगे उन्होने कहा कि आरेडिका के विकास कार्यों के लिए वित्त की कोई कमी नही आने दी जाएगी और रेलवे बोर्ड आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है।

सदस्य (ट्रैक्शन एवं रॉलिंग स्टॉक) ने अपने दौरे के दौरान सभी युनियन प्रतिनिधियों से मुलाकात की, उनसे उत्पादन बढाने के लिए वार्तालाप किया तथा सभी कर्मचारियों के कार्य की सराहना की। यूनियन प्रतिनिधियों ने उनसे मिलकर अपने मॉंगों से संबंधित ज्ञापन दिया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे, ईडीएमई (पीयू एवं डब्ल्यू) विनोद कुमार, एडवाइजर (रेलवे बोर्ड) एस के कटियार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विधुत इंजीनियर हरीश चंद्र, प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

18/01/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी